परसवाड़ा में आयुष स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

8 मई, 2022 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने परसवाड़ा में रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही आयुष स्वास्थ्य मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर उन्होंने आयुष मेलों और शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर के छात्रों द्वारा किये गए योगाभ्यास प्रदर्शन की भी तारीफ की, साथ ही यह भी कहा कि सिकिलसेल के मरीज़ों की पहचान कर उनके समुचित इलाज के लिये प्रदेश के 21 विश्वविद्यालयों को 5-5 गाँव देकर वहाँ के परिवारों की स्वास्थ्य जाँच करने का कार्य सौंपा है।
- वहीं राज्यमंत्री रामकिशोर काँवरे ने बताया कि इन आयुष स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से जनजाति-बहुल क्षेत्रों की वन औषधियों की मार्केटिंग कर रोज़गार दिलाया जाएगा।
- उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सिकिलसेल से पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार पेंशन की सुविधा दे रही है। प्रदेश में जन-सामान्य में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये करीब 4 करोड़ लोगों को त्रिकटु चूर्ण वितरित किया गया है। प्रदेश में 362 वेलनेस सेंटर बनाकर तैयार किये गए हैं। इनमें 1500 लोगों को योग प्रशिक्षक बनाकर रोज़गार देने की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रदेश के आयुष ग्राम में प्रत्येक परिवार के हर सदस्य का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका स्वास्थ्य कार्ड बनाया जा रहा है।
- गौरतलब है कि रानी दुर्गावती गोंड शासिका थीं, जिन्होंने मालवा के शासक बाजबहादुर को पराजित किया था। रानी दुर्गावती ने आसफ खाँ के नेतृत्व वाली मुगल सेना से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayush-health-fair-launched-in-paraswada